# काम में लापरवाही, ठेकेदार पर 16 लाख का जुर्माना

## 85 करोड़ का है प्रोजेक्ट, अमृत-2 की समीक्षा पर कलेक्टर का एक्शन



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 16 दिसम्बर, हलाली डेम से वाटर वर्क्स तक पानी की सप्लाई के लिए लाइन डालने एवं लाइन पार पानी की 6 टंकिया बनाकर लाइन पार की पानी सप्लाई की व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए अमृत -2 योजना के तहत 85 करोड़ की लागत से प्रोजेक्ट तैयार किया गया था जिसे अक्टूबर 2026 तक पूर्ण करना था.इसी मामले को लेकर मंगलवार को कलेक्टर ने समीक्षा बैठक रखी जिसमें काम कर रहे ठेकेदार पर लापरवाही बरतने पर 16 लाख की पेनाल्टी है.**

यह एजेंसी जो प्रोजेक्ट पर काम कर रही है उसका मालिक केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री का रिश्तेदार बताया जा रहा है. लेकिन अब तक टंकियों के निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है. कार्य में हो रही देरी को गंभीरता से लेते हुए संबंधित ठेकेदार पर पेनल्टी लगाए जाने की जानकारी सामने आई है। बताया गया कि ठेकेदार के पास एक साथ कई बड़े प्रोजेक्ट हैं, तथा ठेकेदार राज्य कृषि मंत्री के रिश्तेदार भी हैं, जिसके कारण कार्य की प्रगति प्रभावित हुई है. प्रशासन ने कार्य में तेजी लाने एवं तय समय-सीमा में योजना को पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं. इस बैठक में मौजूद नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने भी काम में हो रही लेट लतीफी पर नाराजगी जाहिर करते हुए ठेकेदार का ठेका निरस्त करने की मांग की है. इस मामले में सीएमओ दुर्गेश ठाकुर ने कहा कि लगातार ठेकेदार को समय पर काम करने के लिए नोटिस जारी किए गए है इसके बाद ठेकेदार काम को गति नहीं दे रहा है. ठेकेदार पर कलेक्टर ने 16 लाख पेनाल्टी लगा दी है और ठेकेदार को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण काम करने के लिए कहा गया है. यदि समय सीमा में काम पूर्ण नहीं होता है तो आगामी कार्यवाही की जाएगी.

# 246 करोड़ का प्रोजेक्ट फेल-सर्दी में ही पानी का टोटा, भटक रहे

**खास बातें**

- जल जीवन मिशन के काम पर उठे सवाल, शिकायत लेकर आईं महिलाएं
- सरपंच ने कहा अभी यह हाल तो गर्मी में क्या होगा, कैसे मिलेगा पानी



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 16 दिसम्बर, हर घर में नल से जल पहुंचाने के लिए मंजूर की गई जल जीवन मिशन का प्रोजेक्ट करीब 246 करोड़ से ज्यादा का बताया जा रहा है. जिसके तहत टोंटी से हर घर में जल पहुंचाना था. इतने बड़े प्रोजेक्ट के बावजूद सर्दी में ही गांव में पानी की कमी हो चली और गांव की महिलाओं को पानी के लिए दर बदर भटकना पड़ रहा है.**

मंगलवार को ग्यारसपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मेहरूखेड़ी के सरपंच ग्राफ सेमरा पडरायत की महिलाओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंची और कलेक्टर के नाम आवेदन दिया गया. इस दौरान सरपंच बुल्लाबाई अहिरवार ने बताया कि सेमरा गांव की एक बस्ती की महिलाएं पिछले कई दिनों से जल संकट की समस्या से जूझ रही है और पीने के पानी के लिए करीब 1 से 2 किलोमीटर दूर कुंआ सहित अन्य जल स्त्रोतों से पानी ला रही है. उन्होंने कहा कि खेतों में ट्यूबवेल चालू हो जाने के कारण वाटर लेवल नीचे चला गया है जिसके कारण से गांव के हेड पंप बंद हो गए है. उन्होंने कहा कि गांव की महिलाएं अपनी के लिए इधर-उधर भटक रही है. इसलिए हम उनके साथ कलेक्टर के पास आवेदन देने के लिए आए हैं उन्होंने कहा कि हमारी मांग यही है कि गांव की महिलाओं को पानी उपलब्ध हो सके और उनकी समस्या का निराकरण जल्द से जल्द किया जाए आवेदन देने आई महिलाओं ने बताया कि गांव में नल जल योजना भी नहीं है जिसके चलते इस योजना का फायदा भी गांव के लोगों को नहीं मिल रहा है. पानी को लेकर शिकायत करने आई सरपंच के साथ गांव की कई महिलाएं भी मौजूद थीं.

# नगर प्रेस क्लब की बैठक संपन्न

**31 दिसंबर तक जारी रहेगा सदस्यता अभियान**

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** नगर के सभी पत्रकार नगर प्रेस क्लब से जुड़ सकते हैं वह किसी भी पत्रकार संगठन से जुड़े हों क्योंकि यह लोकल नगर का संगठन है इससे जुड़े और नगर हित में पत्रकारों के हित में एकजुट होकर कार्य करें वरिष्ठ पत्रकार सौदान सिंह यादव ने प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी साथियों से कहा है कि वह है 31 दिसंबर तक सदस्य बनकर नगर प्रेस क्लब को सहयोग करें नई कार्यकारिणी में उन्हीं लोगों को लिया जाएगा जो सदस्य होंगे.

# अस्मिता जिला स्तरीय गर्ल्स किक बॉक्सिंग लीग कल से होगी शुरू

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** भारत सरकार एवं खेल मंत्रालय द्वारा पूरे देश में खेलो इंडिया के अंतर्गत बाकों इण्डिया किक बॉक्सिंग के तत्वावधान में 108 अस्मिता जिला स्तरीय गल्स किक बॉक्सिंग लीग 2025-26 टूर्नामेंट का आयोजन खेल परिसर जिला खेल स्टेडियम विदिशा में गुरुवार को किया जाएगा. जिसमें जिले की शसकीय बालिका छात्रावास एंव शासकीय विद्यालय की छात्रायें भाग लेंगी.समस्त छात्राओं को मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत विदिशा डिस्ट्रक्ट कराते एवं किक बाक्सिंग एसोसिएशन विदिशा के मुख्य कोच महेन्द्र पासी द्वारा गत् वर्ष में प्रशिक्षण प्रदान कर आत्म रक्षा के लिए आत्म निर्भर बनाया गया है.साथ ही साथ बालिकाओं को शारीरिक क्षमताओं दक्ष के साथ-साथ खेल गतिविधियों में जिला स्तरीय अस्मिता किक बॉक्सिंग लींग के माध्यम से खेल जगत में अपनी पहचान के साथ - साथ बालिकाओं को प्रेरणा स्त्रोत का कार्य करेंगी.

# दुकान में चोरी करने वाली महिला और एक अन्य को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,विगत कुछ दिनों पहले रामलीला चौराहे स्थित एक दुकान में चोरी की वारदात हुयी थी. पुलिस ने मंगलवार को चोरी का खुलासा करते हुये एक महिला व एक नाबालिग बालक को गिरफ्तार किया है.**



कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि 14 दिसंबर को भगत सिंह राजपूत निवासी न्यू अरिहंत विहार शंकर नगर की रामलीला चौराहा स्थित दुकान में अज्ञात लोगों के द्वारा मौका पाकर बैटरियों को चुरा लिया था.फरियादी ने जिसकी रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराई.फरियादी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच में लिया था.थाना प्रभारी ने बताया कि दुकान में हुई चोरी की घटना का पर्दाफाश किया है. कार्रवाई के दौरान 1 महिला व एक नाबालिग बालक को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी गई 11 बैटरियां एवं एक ऑटो बरामद किया है.जांच के दौरान पुलिस टीम ने लगभग 75 सीसीटीवी फुटेज,तकनीकी विश्लेषण किया तथा 45 से अधिक लोगों से पूछताछ कर आरोपियों की पहचान की.मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपिया को पकड़ा गया. जिसका नाम मंजू यादव पति विनय यादव उम्र 45 वर्ष निवासी बांके बिहारी कॉलोनी विदिशा है.

# सीएम हेल्पलाइन की 10 हजार 578 शिकायतें पेंडिंग

## प्रभारी मंत्री कार्यालय के 37 आवेदन लंबित,शीघ्र निराकरण के निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 15 दिसम्बर,** जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल के भोपाल कार्यालय से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा टीएल बैठक में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने की. बैठक में यह तथ्य सामने आया है कि विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 37 आवेदन अभी तक निराकृत नहीं किए गए हैं. ये आवेदन जिले के 21 अलग-अलग विभागों से संबंधित हैं, जिनका समयबद्ध निराकरण अपेक्षित था. कलेक्टर ने संबंधी विभागों के जिला अधिकारियों को ताकीद किया है कि शीघ्र निराकरण कर की गई कार्रवाई से जिला कार्यालय को अवगत कराएं ताकि विभागों की एक जाई रिपोर्ट प्रेषित की जा सकें. समीक्षा बैठक की जानकारी के अनुसार, लंबित आवेदनों में सर्वाधिक संख्या जिला पंचायत से संबंधित अथवा उसके अधीनस्थ विभागों की है, जिनके कुल 14 आवेदन अभी तक लंबित हैं। इसके बाद पीएचई के 3 आवेदन निराकरण की प्रतीक्षा में हैं. वहीं जनपद पंचायत विदिशा एवं जनपद पंचायत नटेरन के 2-2 आवेदन अभी तक लंबित पाए गए हैं. इसके अतिरिक्त अन्य विभिन्न विभागों से संबंधित एक-एक आवेदन भी अभी निराकृत नहीं हुए हैं. लंबित आवेदनों की स्थिति को लेकर संबंधित विभागों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए जाने की आवश्यकता बताई गई है. कलेक्टर ने कहा है कि प्रभारी मंत्री कार्यालय से प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान शीघ्र हो सके और शासन की जवाबदेही एवं पारदर्शिता बनी रहे.

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों के निराकरणों की अघतन स्थिति का जायजा लिया है. उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा है कि सीएम हेल्पलाइन और समाधान आन लाइन से संबंधी आवेदनों के निराकरणों में सुधार परलिक्षित नहीं होने पर दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी. गौरतलब हो कि सीएम हेल्पलाइन की मासिक ग्रेड माह नवम्बर की कुल 10 हजार 578 का निराकरण किया जाना है. वर्तमान में जिला बी रेटिंग में सम्मिलित हैं.

सीएम हेल्पलाइन के कुल वेटेज 100 प्रतिशत में से अब तक 71.3 प्रतिशत उपलब्धियां हासिल की गई है.सीएम हेल्पलाइन के अंकों के निर्धारित प्रतिशत में से अब तक की प्राप्ति तदानुसार संतुष्टि के साथ बंद शिकायतों का वेटेज हेतु निर्धारित 60 प्रतिशत में से 39 प्रतिशत,पचास दिवस से अधिक शिकायतों का वेटेज 20 प्रतिशत में से 11.71 प्रतिशत, निम्न गुणवत्ता शिकायतों के वेटेज के मामलों में शत-प्रतिशत उपलब्धी हासिल की गई है.जबकि नॉट अटेंडेंट शिकायतों का वेटेज दस प्रतिशत में से 9.83 प्रतिशत उपलब्धता प्राप्ति की गई है.

# डॉ . विनीत तिवारी योग सांसद चुने गए

## योग जगत के शुभचिंतकों, साधकों एवं प्रशिक्षकों ने डॉ . तिवारी को दी बधाई



**नवभारत न्यूज**

गंजबासौदा,विश्व योग संसद द्वारा राष्ट्रीय योग नीति के निर्माण, योग को राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति का आधार बनाने, भारत को विश्व की योग राजधानी घोषित करने, शिक्षा पद्धति में योग का समावेश, अनुभवी योगाचार्यों का सम्मान, योग के वैज्ञानिक अनुसंधान एवं प्रमाणीकरण, सामाजिक एकता व मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन, ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों में योग प्रसार, पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास में योग की भूमिका तथा योग को विश्व गुरु बनाकर विश्व शांति स्थापना जैसे महत्वपूर्ण उद्देश्यों की पूर्ति के लिए गठित भारतीय योग संसद की चयन समिति ने भोपाल संसदीय योग क्षेत्र से योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा महासंघ के अध्यक्ष तथा योग महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विनीत तिवारी का योग सांसद के रूप में चयन किया है.

चयन पर योग जगत के शुभचिंतकों, साधकों एवं प्रशिक्षकों ने डॉ. तिवारी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं तथा चयन समिति के प्रति आभार व्यक्त किया है.

# ढाबा संचालक ने सहरिया महिला को फोन पर दीं गालियां

**नवभारत न्यूज**

**गुना 16 दिसम्बर. सहरिया समुदाय को गुना सहित मध्यप्रदेश के कुछ चुनिंदा जिलों में संरक्षित वर्ग घोषित किया गया है। इनकी संख्या बेहद कम बची है, इसलिए सरकार इन्हें विशेष अधिकार और इनके लिए अलग से योजनाएं भी संचालित कर रही है। लेकिन पिछले कुछ दिनों से खासकर, गुना जिले में इस समुदाय को लेकर अपराध और आपराधिक घटनाओं में बढ़ोत्तरी देखने को मिली है।**

ताजा मामला गुना जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र का है। यहां एक ढाबा संचालक ने न केवल सहरिया महिला को गलत नाम से संबोधित करते हुए फोन कर परेशान किया, बल्कि ऐसे शब्दों का इस्तेमाल किया है, जिनका पीड़ित द्वारा आवेदन में करना भी मुश्किल हो रहा है।

## एफआईआर भी दर्ज नहीं

थाना क्षेत्र की रुठियाई चौकी के कर्माखेड़ी निवासी आरती सहरिया ने इस मामले की शिकायत रुठियाई पुलिस चौकी, जनसुनवाई में कलेक्टर, हरिजन पुलिस थाना, पुलिस सिटीजन पोर्टल से लेकर गुना एसपी से भी की है। आवेदन में आरती ने बताया है कि रुठियाई क्षेत्र में स्थित पंचवटी ढाबा के संचालक दिलीप सिंह चौहान ने 7 नवंबर को उन्हें फोन किया और पूछा कि कलाबाई कहां है तू..., मेरे पैसे खा गई। आरती ने बताया कि यहां कोई कलाबाई नहीं है, यह सुनकर दिलीप अचानक आग बबूला हो गया और गालियां देने लगा। आरती सहरिया द्वारा दी गई कॉल रिकॉर्डिंग में स्पष्ट रूप से सुना जा सकता है कि आरोपी आरती को न केवल गंदी गालियां दे रहा है, बल्कि यह चुनौती दे रहा है कि वह एफआईआर दर्ज करवाकर दिखाए।

**एक महीने से भटक रही है आरती**

फोन पर मिली भद्दी गालियों को सुनकर आरती सहरिया मानसिक रूप से प्रताड़ित महसूस कर रही हैं। उनकी मानें तो उन्होंने तत्काल इस मामले की लिखित शिकायत धरनावदा थाना क्षेत्र की रुठियाई चौकी में की थी। लेकिन पुलिस ने रिकॉर्डिंग सुनने के बाद भी केस दर्ज नहीं किया। इसके बाद वे गुना जिला मुख्यालय स्थित हरिजन थाने में पहुंचे, यहां सुनवाई नहीं हुई तो जनसुनवाई में आवेदन देकर कलेक्टर से गुहार लगाई। बाद में पुलिस सिटीजन पोर्टल पर भी ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। आरती के मुताबिक कॉल रिकॉर्डिंग जैसा मजबूत साक्ष्य होने के बावजूद पुलिस आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं कर रही है। इसके बाद मंगलवार को आरती सहरिया ने गुना में एसपी को भी आवेदन दिया है।

# मेरे नाम पर नहीं थी आपत्ति फिर भी हटा दिया नाम

**नवभारत न्यूज**



**विदिशा, करमेड़ी के आंगनवाड़ी के कार्यकर्ता पद के लिए आवेदन करने वाली प्राची कुशवाह ने मंगलवार को कलेक्टर के नाम शिकायती आवेदन दिया. जिसमें आरोप लगाया कि महिला बाल विकास के अधिकारियों ने नियम के खिलाफ जाकर उसका चयन नहीं किया और दूसरी आवेदिका का चयन किया गया है. जिसकी शिकायत पहले भी महिला बाल विकास अधिकारी से की गई जिसका कोई निराकरण नहीं किया गया. वहीं सीएम हेल्प लाइन में की गई शिकायत को भ्रामण जानकारी देकर बंद कर दिया गया है.**

प्राची ने शिकायती आवेदन में कहा कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान मेरी पात्रता एवं अंकों क आधार पर मेरा चयन किया गया था. 13 अगस्त को जारी की गई अंतिम सूची में मेरा नाम प्रथम स्थान पर था 13 से 20 अगस्त तक ऑन लाइन आपत्ति दर्ज की गई थी. इस दौरान मेरे नाम पर को भी आपत्ति नहीं थी. 4 अक्टूबर को आयोजित निराकरण की बैठक में भी यह स्पष्ट बताया गया कि आगंनबाड़ी करमेड़ी में केबल एक आपत्ति दर्ज हुई जो सीमा कुशवाह के द्वारा अनूपी के बीपीएल स्टेटस को लेकर कई गई थी.15 दिसंबर को मालूम चला कि मेरा चयन नहीं किया गया और दूसरे स्थान पर रही अनूपी का चयन कर दिया गया. प्राची ने आरोप लगाया कि मेरा नाम सूची से हटाकर अनूपी का चयन किया गया जो नियम के खिलाफ है. प्राची ने मांग की है कि पूरी भर्ती प्रक्रिया की जांच कराई जाए. इस मामले में महिला बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी विनिता लोढ़ा का कहना है कि भर्ती प्रक्रिया में पूरी परदर्शिताबरती गई है कोई भी गड़बड़ी नहीं हुई है.प्राची का बीपीएल राशन कार्ड फर्जी है.उन्होंने जो दस्तावेज मांगे थे वह आरटीआई के तहत उपलब्ध करा दिए गए हैं. वह एडीएम कोर्ट में अपील कर सकती हैं.


